राजस्थान सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां, जिला भीलवाड़ा (राज0)

क्रमांक / रीडर / 2022 / 24 / 2022
निमित

दिनांकः– 05 / 05 / 2022

तहसीलदार
बिजौलियां

विशयः– प्रकरण संख्या **24 / 2022** राधाकृष्ण मन्दिर चारभुजा कमेटी मकरेड़ी **बनाम** छोटुसिंह उर्फ शेरसिंह राजपूत नि0 बिजौलियां अन्तर्गत **धारा 188** में मौका रिपोर्ट / जवाब पेश करने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रकरण संख्या **24 / 2022** राधाकृष्ण मन्दिर चारभुजा कमेटी मकरेड़ी **बनाम** छोटुसिंह उर्फ शेरसिंह राजपूत नि0 बिजौलियां अन्तर्गत **धारा 188** में राधाकृष्ण मन्दिर चारभुजा कमेटी मकरेड़ी जरिये अध्यक्ष उदयलाल पिता भंवरलाल प्रजापत नि0 मकरेड़ी की मौजा ग्राम मकरेड़ी प0ह0 मकरेड़ी स्थित खातेदारी भूमि आराजी नम्बर 629 / 2 रकबा 4 बीघा 5 बिस्वां की नियमानुसार विस्तृत जांचकर मौका रिपोर्ट / जवाब इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 19 / 05 / **2022** से पूर्व आवश्यक रूप से पेश करना सुनिश्चित करें।

(सीमा तिवाड़ी)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलिया

राजस्थान सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाडा (राज0)

क्रमांक / सूचना / 2022 / 1591-92 दिनांक :– 30 / 06 / 2022

निमित :–

01. जयनारायण शर्मा पटवारी ग्रामदानी ग्राम काटबडाव मकरेडी।
02. हिम्मत सिंह यादव पटवारी ग्रमदानी ग्राम हेमनिवासी।
03. ग्रामसभा अध्यक्ष ग्रामदानी ग्राम काटबडा / मकरेडी / हेमनिवास।

विषय :– शिकायत विरूद्ध हिम्मत सिंह यादव पटवारी एवं जयनारायण शर्मा, पटवारी ग्राम काटबडा तहसील बिजौलियां जिला भीलवाड़ा व अन्य में जांच के संबन्ध में।

प्रसंग :– कार्यालय श्रीमान जिला कलक्टर महोदय, भीलवाडा के पत्र कमांक भू.अ. / प्रा.जा. / 2022 / 66572 दिनांक 09.06.2022 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि श्रीमान द्वारा तहसील बिजौलियां के ग्रामदानी ग्राम काठबडा, मकरेडी, हेमनिवास, में कार्यरत ग्रामदानी पटवारियों के द्वारा भाजपा राज में करोडों रूपयों की बेसकिमती जमीनों की बन्दर बाट कर नियमों के विरूद्ध खान माफियाओं से मिलकर ग्रामदानी जमीनों का बिना ग्रामदान की अनुमति के नियम विरूद्ध खान आवंटन कराने इत्यादि अंकित आरोपों की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों से प्राप्त के संबन्ध में बिन्दुवार विस्तृत एवं तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन मय रेकार्ड प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है

इस संबन्ध में तहसीलदार, बिजौलियां के पत्र क्रमांक क्रमांक / राजस्व / 2022 / 1532–36 दिनांक 30.06.2022 के अनुसार तहसीलदार, बिजौलियां द्वारा उक्त विषयान्तर्गत जांच हेतु आपको मय रिकार्ड दिनांक 28.06.2022 को समय 3.00 PM उपस्थित होने हेतु लिखा गया था बावजूद इसके आप गैर हाजिर रहे है, ना ही इस संबन्ध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज पेश नही किया है और ना ही अपनी अनुपस्थिति का कोई कारण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त विषयान्तर्गत आप मय रिकार्ड इस कार्यालय में दिनांक 04.07.2022 समय 12.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

(सीमा तिवाडी)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

प्रतिलिपि :–

01. तहसीलदार, बिजौलियां को पालनार्थ।
02. खनि अभियन्ता, खनिज विभाग, बिजौलियां को पालनार्थ।

(सीमा तिवाडी)
उपखण्डअधिकारी
बिजौलियां

O/C